विषय - संस्कृत, बी॰ ए॰ स्नातक (प्रतिष्ठा)
प्रथम वर्ष, प्रथम पत्र डॉ॰ ओम प्रकाश आर्य
किरातार्जुनीयम - प्रथम सर्ग, महाराजा कॉलेज, आरा
पद्यांश व्याख्या दिनांक - 02/09/2020

महौजसो मानधना धनार्चिता
धनुर्भृतः संयति लब्धकीर्तयः ।
न संहतास्तस्य न भिन्नवृत्तयः
प्रियाणि वाञ्छन्त्यसुभिः समीहितुम् ॥१॥

अन्वयः - महौजसः मानधनाः धनार्चिताः संयति लब्धकीर्तयः न संहताः, न भिन्नवृत्तयः धनुर्भृतः असुभिः तस्य प्रियाणि समीहितुं वाञ्छन्ति ।

भावार्थ - (महौजसः) अत्यन्त बलशाली ~~(महाधनाः)~~ (मानधनाः) मान ही जिनका धन है, मनस्वी (धनार्चिताः) धन द्वारा सन्तुष्ट (संयति लब्ध-



Scanned with CamScanner

कीर्तयः) युद्ध में प्रख्यात धनुर्धारी योद्धा, (न संहताः) जो परस्पर स्वार्थवश मिले हुए नहीं हैं ~~और परस्पर विरोधी कार्य करते हैं, प्राणों से~~ (न भिन्नवृत्तयः धनुर्भृतः) और न परस्पर विरोधी आचरण करते हैं (असुभिः तस्य प्रियाणि समीहितुं) प्राणों से उस सुयोधन के प्रिय कार्य करने के लिए ~~(समीहितुं)~~ (वाञ्छन्ति) प्रयत्नशील हैं।

<u>भावार्थ</u>- इस पद्य में यह बताया गया है कि वीर सैनिक यशस्वी सुयोधन की रक्षा में प्राणों का मोह छोड़कर लगे हैं, वे सभी अनुकूल हैं। सैनिकों के गुणों का भी वर्णन है।

<u>पदव्याख्या</u>- महौजसः = अत्यन्त बलशाली पराक्रमी महत् ओजः येषां ते (बहु०)। (मानधनाः = मान एव धनं येषां ते (बहु०), मान = मन् + घञ् (भावे)। धनार्चिताः = धन से सत्कृत। धन देकर जिनका सत्कार किया गया है। धनेन अर्चिताः। अर्च + णिच् + क्त। संयति लब्धकीर्तयः = जिन्होंने पहले युद्ध में यश प्राप्त किया है अर्थात् प्रख्यात योद्धा। संयति = युद्ध में, सम् + यम् + क्विप् = संयत्, तस्मिन्। लब्धा कीर्तिः यैः ते लब्धकीर्तयः (बहु०)। न संहताः = गुटबन्दी न करने वाले, स्वार्थवश आपस में न मिलने वाले, संहताः = सम् + हन् + क्त (कर्तरि) न भिन्नवृत्तयः = विरोधी आचरण न करने वाले, भिन्नाः वृत्तयः येषां ते भिन्नवृत्तयः, भिद् + क्त भिन्न + टाप्। वृत् + क्तिन् (भावे) वृत्तिः। धनुर्भृतः = धनुष धारण करने वाले वीर, योद्धा सैनिक। धनूंषि बिभ्रति इति धनुर्भृतः।

Date __/__/__ Page No.: ____

(प्रथमा बहुवचन वाञ्छन्ति का कर्त्ता)
भृत् = भृ + क्विप् (कर्तरि)। तस्य प्रियाणि = उसके प्रिय कर्म। असुभिः समीहितुं वाञ्छन्ति = प्राणों से करना चाहते हैं - सम् + ईह् + तुमुन्। वाञ्छन्ति = वाञ्छ् + लट् बहुवचन। अस्यन्ते इति, अस् + उ (उन् उणादि) 'पुंसि भूम्न्यसवः प्राणाश्चैव जीवोऽसुधारणम्' अमरकोशः।। इति।।१।।

Scanned with CamScanner